an>

Title: Need to remove a wall constructed recently on platform no. 3 at Badalapur railway station in Bhiwandi Parliamentary Constituency to facilitate easy movement of passengers.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : मानीय अध्यक्ष महोदया, मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र् में सेंट्रल रेवले के अंतर्गत बदलापुर रेलवे स्टेशन है। वहाँ प्लेटफॉर्म नम्बर तीन से प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर लोग स्काईवाक से जाते हैं। पहले सीधे प्लेटफॉर्म नम्बर तीन पर लोग उतरते थे। अभी प्लेटफॉर्म नम्बर तीन पर जाने के लिए एक दीवार बनायी गयी है। यदि प्लेटफॉर्म नम्बर एक से प्लेटफॉर्म नम्बर तीन पर जाना हो, तो इसके लिए रेलवे स्टेशन के बाहर निकलना पड़ता है और सौ मीटर चलकर फिर अंदर जाना पड़ता है। वहाँ से प्र्त्येक दिन एक लाख पच्चीस हजार यात्र्ाी प्र्वास करते हैं। वहाँ की हमारी बहनों को यदि ट्रेन पकड़ना हो, तो उन्हें रेलवे स्टेशन के बाहर जाना पड़ता है, इसलिए वे ट्रेन नहीं पकड़ पातीं और ट्रेन छूट जाती है। यदि एक बार एक ट्रेन छूट गयी तो दूसरी ट्रेन पकड़ने के समय का अंतर 25 मिनट है, इस कारण वे ऑफिस में लेट पहुंचती हैं। आपके माध्यम से रेल मंत्र्ालय से मेरा अनुरोध है कि प्ल्"ाोटफॉर्म नम्बर तीन पर जो दीवार बनी है, उसे अतिशीघ्र् गिरायी जाए ताकि लोगों को हो रही असुविधा से निज़ात मिल सके।

HON. SPEAKER: Shri Devji Mansingram Patel is permitted to associate with Shri Kapil Moreshwar Patil. श्री हरि नारायण राजभर - उपस्थित नहीं।